(c) No special allowance has been specifically granted in the border areas of the North-eastern, Western and Northern Region of the country except the usual compensatory allowances such as Special Compensatory (Remote Locality) allowance, Composite Hill Compensatory Allowance and Special (Duty) Allowance etc. which are admissible in specified areas subject to the fulfilment of the conditions for grant of these allowances.

महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में स्थित लघु उद्योगों को दी जाने वाली राज सहायता का बन्द किया जाना

64. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र राज्य के कोंकण क्षेत्र में पिछड़े रत्नागिरि जिले में स्थित लघु उद्योगों को उपलब्ध 15 प्रतिशत राज सहायता बन्द कर दी गयी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस निर्णय के परिणामस्वरूप विकास रुक जाने की आशंका से रत्नागिरि जिले में भारी असंतोष व्याप्त है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या राजसहायता पुनः आरम्भ कर दी जायेगी ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) से (ग) केन्द्रीय निवेश सबसीडी योजना जो केन्द्रीय सरकार द्वारा पता लगाये गये महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले सहित औद्योगिक रूप से पिछड़े सभी जिलों के लिए लागू थी, की अवधि 30 सितम्बर, 1988 तक है। इसकी अवधि बढ़ाने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए है। सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं किया दे।

धनसारी घाटी परियोजना, जोरहाट के अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें

65. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल और प्राकृतिक गैस आयोग की धनसारी घाटी परियोजना, जोरहाट के उपमहाप्रबन्धक और चीफ इंजीनियर ड्रिलिंग के विरुद्ध कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) सरकार को ऐसी किसी शिकायत के बारे में जानकारी नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली के पेट्रोल पम्पों एवं गैस एजेंसियों का आबंटन

66. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1989-90 के दौरान सरकार का दिल्ली में कितने पेट्रोल पम्प व गैस एजेंसी देने का प्रस्ताव है और कहां-कहां; और

(ख) इस संबंध में सरकार क्या अग्रेतर कार्यवाही कर रही है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) और (ख) 1987-88 की वार्षिक विपणन योजना तक तेल कंपनियों द्वारा दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में 47 नई खुदरा बिक्री केन्द्रों की डीलरशिपें (मोटर स्प्रिट/डीजल) स्थापित करने तथा 1988-89 तक की वार्षिक विपणन योजना के

अंतर्गत तेल कंपनियों द्वारा 42 नये एल०पी०जी० वितरण केन्द्र खोलने की योजनायें हैं । स्थानों के नाम विवरण में दिये गये हैं (नीचे देखिये) । खुदरा बिक्री केन्द्रों/एल०पी०जी० वितरण केन्द्रों को वास्तव में चालू करना खुदरा बिक्री केन्द्रों/गोदामों के लिये भूमि अलाट करने पर निर्भर करता है तथा विभिन्न अन्य औपचारिकताएं करनी होती हैं इसलिए यह कहना सम्भव नहीं है कि ये कब तक वास्तव में चालू हो जाएंगे ।

विवरण

संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में बकाया एल० पी०जी० वितरण केन्द्र/खुदरा बिक्री केन्द्र की डीलरशिपें

एल०पी०जी० वितरण केन्द्र

1. ग्रीन पार्क
2. आर० के० पुरम/मुनीरका
3. बदरपुर
4. पीतमपुरा
5. कालकाजी
6. अजमेरी गेट
7. यमुना विहार
8. मयूर विहार
9. डा० मुखर्जी नगर
10. रोहिणी
11. रोहिणी
12. गांधी नगर
13. पालम
14. बसन्त कुंज/महरौली
15. नजफगढ़
16. दिल्ली
17. दिल्ली
18. पीतमपुरा
19. शक्ति नगर
20. रानी बाग
21. बाड़ा हिन्दूराव
22. दिल्ली कैंट
23. पटपड़गंज

*वास्तविक स्थान दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा दी गई भूमि पर निर्भर करेगा ।

24. लक्ष्मी नगर
25. शालीमार बाग
26. पश्चिम पुरी
27. देवासर
28. यमुना पार
29. दिल्ली
30. दिल्ली
31. यमुना पार
32. दिल्ली
33. दिल्ली क
34. दिल्ली ख
35. दिल्ली ग
36. दिल्ली घ
37. दिल्ली ङ
38. दिल्ली
39. श्री राम पार्क
40. सरिता विहार
41. स्थान का निर्णय अभी किया जाना है
42. प्रशान्त विहार

खुदरा बिक्री केन्द्र की डीलरशिपें

1. गीता कालोनी राजा राम कोहली मार्ग पर
2. गीता कालोनी डी० टी० सी० बस डिपु के पास
3. जेल रोड तिहाड़ जेल के सामने
4. जनकपुरी
5. झोल कुरंजा जी० टी० रोड के दक्षिण में स्कूल के पीछे
6. झोल कुरंजा ब्रिगेडियर लाल गोस्वामी मार्ग
7. मन्दाकनी और यमुना अपार्टमैंट्स के बीच में स्थान
8. मयूर विहार नौएडा रोड
9. मीना बाग आउटर रिंग रोड पर
10. मंगोलपुरी
11. नेशनल बाई पास नन्द नगरी बार्डर के पास
12. लक्ष्मी कालेज के पास

13. नये एअरपोर्ट काम्पलैक्स
14. नये एअरपोर्ट काम्पलैक्स पालम
15. आबला औद्योगिक क्षेत्र नई सब्जी मण्डी डी० टी० सी० बस डिपु
16. शालीमार बाग के सामने जी० टी० रोड से आउटर रिंग रोड

खुदरा बिक्री केन्द्र की डीलरशिपें

17. स्वर्ण सिनेमा के सामने जी० टी० रोड शाहदरा
18. आउटर रिंग रोड, आई० ओ० सी० खुदरा बिक्री केन्द्र के सामने
18. पंचशील रोड, के० एन० कालेज एशियन गेम्स विलेज के बीच
20. पीतमपुरा रोड 41 इन्टर से आउटर रिंग रोड
21. मिन्टो ब्रिज से अजमेरी गेट के बीच सड़क (रेलवे स्टेशन के सामने)
22. सरिता बिहार, मथुरा रोड
23. रिंग रोड, चाइल्ड ट्रैफिक पार्क, पंजाबी बाग
24. आदीपुर, नरायणा रोड
25. शंकर रोड, फायर स्टेशन के सामने एन० पी० एल० क्रासिंग के सामने
26. विकास पुरी
27. राहतक रोड और नजफगढ़ रोड के बीच
28. घेरवा
29. जेलदार ग्रीन फार्म
30. महरोली छत्तरपुर
31. मित्रों
32. पश्चिम बिहार
33. साकेत महरौली रोड को जोड़ने वाली सड़क
34. रिंग रोड-बजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र
35. रोहिणी
36. तुगलकाबाद
37. उत्तम नगर
38. बसन्त कुंज
39. विकास पुरी/बोडेला
40. नेहरू नगर
41. दिल्ली आटो सर्विस स्टेशन (स्थान अभी निर्धारित नहीं किया गया)
42. त्रिलोक पुरी
43. यमुना पार
44. लक्ष्मी नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर
45. पीतमपुरा
46. महरोली गुड़गांव रोड
47. बसन्त गांव